सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
आश्विन 24, बुधवार, *शाके 1946*-अक्टूबर 16, *2024*	
Asvina 24, Wednesday, Saka 1946- October 16, 2024	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 08, 2024

संख्या एफ.15(61)पंरावि/विधि/न.पा.गठन/अलवर/2024/ईफाईल-44473/10992363:- विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ.15(26)पंरावि/विधि/नगरपालिका गठन/2023/596 दिनांक 14.12.2023 के द्वारा तत्समय नवगठित नगरपालिका मुबारिकपुर में सम्मिलित ग्राम पंचायत मुबारिकपुर एवं पाटा के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र (पंचायत समिति-रामगढ) को पंचायती राज संस्थाओं की सीमाओं से पृथक कर दिया गया था।

चूंकि स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा अधिसूचना क्रमांक 3414 दिनांक 10.9.2024 के द्वारा नवगठित नगरपालिका मुबारिकपुर (जिला अलवर) के संबंध में जारी अधिसूचना क्रमांक 3311-3350 दिनांक 10.8.2023 को तत्काल प्रभाव से प्रत्याहरित कर लिया गया है, जिसके कारण उक्त विभागीय अधिसूचना क्रमांक 596 दिनांक 14.12.2023 को तत्काल प्रभाव से प्रत्याहरित किया जाता है।

अत: ग्राम पंचायत मुबारिकपुर एवं पाटा के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र (पंचायत समिति-रामगढ) को पंचायती राज संस्थाओं की सीमाओं में सम्मिलित माना जायेगा।

आज्ञा से,
इन्द्रजीत सिंह,
उपायुक्त एवं,
उप शासन सचिव (प्रथम)।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।